राष्टीय मिलिटी स्कूल, बेंगलुरू

**अभ्यास प्रश्न पत्र सेट 2 2023-24**

कक्षा - 10 हिन्दी (ब) 085

**समयावधि– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**निर्देश -**1) प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'

2) खंड - 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

3) खंड - 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | निर्देशों को सावधानी से पढ़कर उनका पालन कीजिए |

4) दोनों खण्डों के कुल 18 प्रश्न हैं | सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं और सभी प्रश्न करने अनिवार्य है |

| क्रम सं. | खंड - अ ( वस्तुपरक प्रश्न ) | अंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1** | **दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें \|**<br>**प्रत्येक व्यक्ति का जीवन संघर्षों से भरा होता है \| जीवन का कोई भी रास्ता सफल अथवा निर्बाध नही होता है \| कामयाबी के हर रास्ते में कई मुश्किलों का आना तय है \| हर बड़ी सफलता के पीछे अनेक छोटी - छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं \| किसी बड़े पत्थर के टुकड़े करने के लिए हमें उस पर असंख्य प्रहार करने पड़ते हैं \| अंत में एक प्रहार ऐसा होता है कि वह पत्थर को दो टुकड़ों में बाँट देता है \| लेकिन क्या अंतिम प्रहार से पहले किये गए सारे प्रहार निरर्थक थे ? नही ऊपर से बेशक पहले का हर प्रहार निरर्थक लगता हो, लेकिन हर प्रहार पूरी तरह सार्थक था, क्योंकि उन प्रहारों में ही अंतिम प्रहार की सफलता छिपी हुई थी \| हर चोट ने निरंतर उस पत्थर को टूटने के अधिकाधिक निकट ला दिया था \| वास्तव में थोड़ी - बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नही \| व्यक्ति अपनी सफलताओं की बजाय अपनी असफलताओं से सीखता है \| हर सफलता से उसे उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर मिलता है \| हर असफलता से उसे उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर मिलता है \| सफलता के बाद हम कभी अपना पुनर्मूल्यांकन नही करते \| समस्या आए बगैर हम रास्ता नही खोजते \| समस्याएँ ही हमें उपाय खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, हमें चिंतनशील बनाती हैं, हम में धैर्य का विकास करती हैं \| ठोकर खाने के बाद ही हम अपनी असफलता का** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **कारण जानने का प्रयास करते हैं \| उसके बाद ही नए सिरे से आगे बढ़ने के लिए अपनी क्षमता का विकास करते हैं \| जीवन की हर असफलता किसी बड़ी सफलता क आधार बनती है \|** | |
| **क)** | **जीवन का कोई भी रास्ता नही होता -**<br>i) बाधा रहित ii) बाधायुक्त iii) दुखद iv) बहुत लम्बा | **1** |
| **ख)** | **हर बड़ी सफलता के पीछे क्या छिपा रहता है -**<br>i) धन - दौलत ii) छोटी - छोटी असफलता<br>iii) एक सुनहरा भविष्य iv) एक बड़ा इतिहास | **1** |
| **ग)** | **बड़े पत्थर के टुकड़े को तोड़ने में उस पर पड़ने वाले किस प्रहार का अधिक महत्त्व है -**<br>i) पहले प्रहार का ii) दूसरे प्रहार का<br>iii) प्रत्येक प्रहार का iv) अंतिम प्रहार का | **1** |
| **घ)** | **व्यक्ति अपनी सफलताओं की अपेक्षा असफलताओं से अधिक क्यों सीखता है -**<br>i) असफलता उसे बलवान बनाती है \|<br>ii) असफलता उसकी बुद्धि को बढाती है \|<br>iii) असफलता से ज्ञानी बनाती है \|<br>iv) असफलता उसे पुनर्मूल्यांकन का अवसर देती है \| | **1** |
| **ड)** | **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए \| उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए \|**<br>**कथन (A) : हर बड़ी सफलता के पीछे अनेक छोटी - छोटी असफलताएँ छिपी रहती हैं \|**<br>**कारण (R) : वास्तव में थोड़ी बहुत असफलताओं के बिना सफलता संभव ही नही है \|**<br>i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है \|<br>ii) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \|<br>iii) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है \|<br>iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है \| | **1** |
| **प्रश्न 2** | **दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें \|**<br>**ईश्वर पर विश्वास बड़ी ही शानदार चीज़ है \| अबोध बालक माँ की गोद में पहुंचकर या पिता की उंगली पकड़ लेने पर पूरी तरह से आश्वस्त हो जाता है \| उसे अपने माता - पिता पर विश्वास है और यह विश्वास ही उसे भयमुक्त कर देता है \| इसी प्रकार, ईश्वर का नाम लेकर उस पर विश्वास कर हम मन में शक्ति का एकीकरण कर कार्यरत होते हैं \| हमारा विश्वास मज़बूत होता है कि हमारे साथ ईश्वर है और हम इस कार्य में सफल होंगे \| आत्मविश्वास को दृढ़** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **बनाने के लिए ईश्वर का अस्तित्व बनाया गया है। इसके साथ - साथ ईश्वर की कल्पना मनुष्य को भयभीत करती है। एकांत में भी मनुष्य कोई पाप या गलत काम न कर सके, इसी आधार पर उसे सर्वव्यापी, सर्वद्दष्टा बतलाया गया है। कण - कण में उसका निवास माना गया है। मनुष्य पर नियंत्रण रखने के लिए किसी न किसी शक्ति की आवश्यकता तो है ही। इसी आधार पर ईश्वर की संकल्पना की गई और इसी प्रकार असफलताओं को रोकने के लिए अपने दोष पर परदा डालने के लिए 'भाग्य' की भी कल्पना की गई है। हम स्वयं अपने भाग्य विधाता हैं। जैसा कार्य करेंगे, वैसा फल पाएंगे। अतएव भाग्य को आप दोष न दें। चींटी को देखें। वह कितनी बार चढती - गिरती है। अगर वह भाग्यवादी होती तो फिर चढ़ ही नही पाती। निरंतर प्रयास करके ही वह सफल होती है। वह भाग्य पर निर्भर नही, कर्म करके दिखलाती है। इस करम बराबर कार्य में लगे रहें। सफलता हाथ आए या असफलता, सफलता पर प्रसन्न होकर अपनी प्रगति धीमी न करें। असफलता पर घबराकर या निराश होकर मैदान छोड़कर न भागें। अपना कार्य बराबर आगे बढ़ाते रहें। जो उद्यम करते हैं, परिश्रमरत रहते हैं, निरंतर अपने कदम का ध्यान रखते हैं, वे अवश्य ही जो भी इच्छा करते हैं, पा जाया करते हैं।** | |
| **क)** | **अकर्मण्य अपनी सफलता का कारण किसे मानते हैं ?**<br>i) ईश्वर को ii) दुर्भाग्य को iii) सौभाग्य को iv) परिश्रम को | **1** |
| **ख)** | **मनुष्य का भाग्य विधाता कौन है ?**<br>i) उसके अपने कर्म ii) उसका अपना भाग्य<br>iii) उसकी अपनी शिक्षा iv) उसका अपना ज्ञान | **1** |
| **ग)** | **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**<br>क) ईश्वर की संकल्पना हमें कुमार्ग पर जाने से रोकने के लिए की गई है।<br>ख) ईश्वर की संकल्पना हमें पुण्य करने का महत्त्व समझाने के लिए की गई है।<br>ग) ईश्वर की संकल्पना हमें भाग्य में विश्वास करना सिखाने के लिए की गई है।<br>**इनमे से कौनसा / कौनसे कथन सही है ?**<br>i) केवल (i) ii) केवल (ii)<br>iii) (i) और (iii) iv) (ii) और (iv) | **1** |
| **घ)** | **चींटी हमें क्या सन्देश देती है ?**<br>i) उठने के लिए गिरना आवश्यक है।<br>ii) सफलता बार - बार गिरने से मिलती है।<br>iii) सफलता हेतु सतत प्रयास आवश्यक है।<br>iv) दिरने के लिए उठाना आवश्यक है। | **1** |
| **ड)** | **गद्यांश में समर्थन किया गया है -**<br>i) धर्मवाद का ii) ईश्वरवाद का<br>iii) भाग्यवाद का iv) कर्मवाद का | **1** |

| | व्यावहारिक व्याकरण | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 3** | **दिए गए पदबंध से सम्बंधित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए \|** | |
| **क)** | **'बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है \| इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का प्रकार है -**<br>i) विशेषण पदबंध ii) सर्वनाम पदबंध<br>iii) क्रिया पदबंध iv) संज्ञा पदबंध | **1** |
| **ख)** | **'ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिन्धी भाषा के महाकवि शेख अयाज़ ने अपनी आत्मकथा में किया है \|' रेखांकित पदबंध है -**<br>i)i) विशेषण पदबंध ii) सर्वनाम पदबंध<br>iii) क्रिया पदबंध iv) संज्ञा पदबंध | **1** |
| **ग)** | **'विचारमग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की अंतिम रंग - बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा \|' इस वाक्य में विशेषण पदबंध है -**<br>i) अंतिम रंग - बिरंगी ii) विचारमग्न तताँरा<br>iii) निहारने लगा iv) बालू पर बैठकर | **1** |
| **घ)** | **'वह इधर - उधर देखता हुआ चल रहा था \|' वाक्य में रेखांकित पदबंध है -**<br>i) क्रिया - विशेषण पदबंध ii) क्रिया पदबंध<br>iii) विशेषण पदबंध iv) विशेषण पदबंध | **1** |
| **ड)** | **'बंगले के पीछे लगा हुआ पेड़ गिर गया \|' वाक्य में रेखांकित पदबंध है -**<br>i) विशेषण पदबंध ii) सर्वनाम पदबंध<br>iii) क्रिया पदबंध iv) संज्ञा पदबंध | **1** |
| **प्रश्न 4** | **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिए \|** | |
| **क)** | **'ज्यों ही वह पहुँचा, वर्षा होने लगी \|' वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण होगा -**<br>**i) उसके पहुँचते ही वर्षा होने लगी \|**<br>**ii) वह पहुँचा और वर्षा होने लगी \|**<br>**iii) जैसे वह पहुँचा वैसे ही वर्षा होने लगी \|**<br>**iv) वह पहुँचा इसलिए वर्षा होने लगी \|** | **1** |
| **ख)** | **'तुम वहाँ जाओ और उसे लेकर आओ \|' इस वाक्य का भेद है -**<br>**i) मिश्र वाक्य ii) सरल वाक्य**<br>**iii) संयुक्त वाक्य iv) इनमे से कोई नही** | **1** |
| **ग)** | **'राजू हिंदी पढने के लिए शास्त्री जी के घर गया \|' वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण होगा -** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **i) राजू शास्त्री जी के घर गया क्योंकि उसे हिंदी पढ़नी थी \|**<br>**ii) राजू ने शास्त्री जी के घर जाकर हिंदी पढ़ी \|**<br>**iii) राजू शास्त्री जी के घर गया और हिंदी पढ़ी \|**<br>**iv) उपर्युक्त में से कोई नही \|** | |
| **घ)** | **निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है -**<br>**i) जबसे मीरा लौटी है, उदास है \|**<br>**ii) सूर्योदय हुआ और सारा गाँव जाग गया \|**<br>**iii) उनसे मिलने के लिए आप प्रतीक्षा करें \|**<br>**iv) उसे विश्वास है कि वह जीतेगा \|** | **1** |
| **ड)** | **'सरला ने कहा की वह कक्षा में प्रथम रही \|' इस वाक्य का भेद है -**<br>**i) सरल वाक्य ii) संयुक्त वाक्य**<br>**iii) मिश्र वाक्य iv) प्रधान वाक्य** | **1** |
| **प्रश्न 5** | **दिए गए 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्ही चार</u> के उत्तर दीजिए \|** | |
| **क)** | **'पाठशाला' समस्तपद में कौनसा समास है ?**<br>i) तत्पुरुष ii) कर्मधारय समास<br>iii) द्विगु समास iv) अव्ययीभाव समास | **1** |
| **ख)** | **समस्तपद 'ध्यानमग्न' का सही विग्रह है -**<br>i) ध्यान से मग्न ii) ध्यान पर मग्न<br>iii) ध्यान में मग्न iv) ध्यान को मग्न | **1** |
| **ग)** | **'सुबह - शाम' का समास विग्रह और समास का नाम चुने \|**<br>i) सुबह से शाम - तत्पुरुष ii) सुबह से शाम तक - अव्ययीभाव<br>iii) सुबह और शाम - द्वंद्व iv) सुबह या शाम - द्विगु | **1** |
| **घ)** | **'त्रिदेव' का समास -विग्रह और भेद होगा -**<br>i) तीन देवों का समूह - द्विगु ii) तीन दानवों का समूह - द्वंद्व<br>iii) तीन देवियों का समूह - द्विगु iv) तीनों देवों का घर - अव्ययीभाव | **1** |
| **ड)** | **निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें -**<br>**समस्तपद समास**<br>i) सुमृत्यु i) कर्मधारय समास<br>ii) दीनबंधु ii) द्विगु समास<br>iii) प्रतिदिन iii) अव्ययीभाव समास<br>iv) स्नेहहीन iv) बहुव्रीहि समास<br>**उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं -**<br>क) i और iii ii) i और ii iii) ii और iii iv) iii और iv | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 6** | **निर्देशानुसार मुहावरों पर आधारित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से <u>किन्ही चार</u> के उत्तर दीजिए \|** | |
| **क)** | **मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन करें -**<br>i) खेत रहना - खेती करना ii) गुस्सा पीना - क्रोध को रोकना<br>iii) घुटने टेकना - बैठ जाना iv) चिकना घड़ा होना - चिकनी मिट्टी का घड़ा | **1** |
| **ख)** | **'चुगली करना' अर्थ के लिए रूढ़ मुहावरा क्या है ?**<br>i) प्राण सूखना ii) आँखें खुलना<br>iii) इधर - उधर की लगना iv) सुध - बुध खोना | **1** |
| **ग)** | **दिए गए वाक्य में से मुहावरा विकल्पों में से चुनिए \|**<br>**'आज तो मैंने तुम्हारी ............ अगर कल भी तुमने काम से जी चुराया तो खैर नही \|' रिक्त स्थान के ल्लिये उचित मुहावरा है -**<br>i) हवा निकालना ii) ईंट बजाना<br>iii) जान बख्श देना iv) बाल की खाल निकलना | **1** |
| **घ)** | **'पति की मृत्यु के पश्चात् तो उसका पुत्र ही उसके लिए ...........है \|' रिक्त स्थान के लिए उचित मुहावरा है -**<br>i) आँख का तारा ii) अंधे की लकड़ी<br>iii) घर की खेती iv) आँख का काँटा | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **ड)** | **'पढाई में मेहनत कर मैं —--------------- हो सकता हूँ \|' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से करें \|**<br>i) अंधों में काना राजा ii) एक पंथ दो काज<br>iii) अपना हाथ जगन्नाथ iv) पैरों पर खड़ा होना | **1** |
| **च)** | **'वैसे तो इतनी बातें करते हो परन्तु वास्तव में तुम <u>पुरानी परम्पराओं का ही अनुसरण करते</u> हो \|' रेखांकित अंश के लिए उचित मुहावरा है -**<br>i) छक्के छुड़ाना ii) कोल्हू का बैल<br>iii) लकीर का फ़क़ीर iv) गली का भिखारी | **1** |
| **प्रश्न 7** | **दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें \|** | |
| | कम्पनी बाग़ के मुहाने पर<br>धर रखी गई है यह 1857 की तोप<br>इसकी होती है बड़ी सम्हाल<br>विरासत में मिले<br>कम्पनी बाग की तरह<br>साल में चमकायी जाती है दो बार | |

| | | |
|---|---|---|
| | सुबह-शाम कम्पनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी<br>उन्हें बताती है यह तोप<br>कि मैं बड़ी जबर<br>उड़ा दिये थे मैंने<br>अच्छे-अच्छे सूरमाओं के छज्जे<br>अपने ज़माने में | |
| **क)** | **तोप को कहाँ रखा गया है ?**<br>i) नगर के चौराहे पर ii) कंपनी बाग़ के मुहाने पर iii) छावनी के मुख्य द्वार पर iv) नेशनल पार्क में | **1** |
| **ख)** | **कंपनी बाग़ के मुहाने पर रखी तोप किस समय की है ?**<br>i) सन् 1800 की ii) सन् 1820 की<br>iii) सन् 1857 की iv) सन् 1890 की | **1** |
| **ग)** | **तोप को साल में कितनी बार चमकाया जाता है ?**<br>i) चार बार ii) दो बार<br>iii) तीन बार iv) एक बार | **1** |
| **घ)** | **तोप अपने ज़माने में कैसी थी ?**<br>i) बहुत कमज़ोर ii) बहुत कीमती<br>iii) बहुत शक्तिशाली iv) बहुत सुन्दर | **1** |
| **ड)** | **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -**<br>क) तोप कंपनी बाग़ के मुख्य द्वार पर रखी थी \|<br>ख) यह तोप सन् 1947 में प्रयोग की गई थी \|<br>ग) इसे साल में दो बार खूब चमकाया जाता है \|<br>घ) कंपनी बाग़ में सुबह - शाम पशु चरने आते थे \|<br>ड) तोप के अनुसार वह बहुत जबरदस्त थी \|<br>पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए -<br>i) (i), (ii) और (iv) ii) (ii), (iv) और (v)<br>iii) (i), (iii) और (v) iv) (iii), (iv) और (v) | **1** |
| **प्रश्न 8** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन करें \|** | |
| **क)** | **'आत्मत्राण' का क्या अर्थ है ?**<br>i) आपत्ति ii) अपना रक्षण स्वयं करना<br>iii) आत्मा का उत्थान iv) आत्मा का पतन | **1** |
| **ख)** | **'जिंदगी मौत से मिल रही है गले' पंक्ति का क्या भाव है ?**<br>i) आत्मबलिदान देना ii) मित्रों से गले मिलना<br>iii) शत्रुओं को पराजित करना iv) अपनी हार स्वीकार करना | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 9क)** | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें।** | |
| | "इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो जिंदगी-भर पढ़ते रहोगे और एक हर्फ़ न आएगा। अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है कि जो चाहे, पढ़ ले, नहीं ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा सभी अंग्रेज़ी के विद्वान हो जाते। यहाँ रात-दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है, तब कहीं यह विद्या आती है। और आती क्या है, : हाँ कहने को आ जाती है। बड़े-बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा। और मैं कहता हूँ, तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते। मैं कितनी मिहनत करता हूँ, यह तुम अपनी आँखों से देखते हो, अगर नहीं देखते, तो यह तुम्हारी आँखों का कसूर है, तुम्हारी बुद्धि का कसूर है। : इतने मेले-तमाशे होते हैं, मुझे तुमने कभी देखने जाते देखा है? रोज़ ही क्रिकेट और हॉकी मैच होते हैं। मैं पास नहीं फटकता। हमेशा पढ़ता रहता हूँ। उस पर भी एक-एक दरजे में दो-दो, तीन-तीन साल पड़ा रहता हूँ, फिर भी तुम कैसे आशा करते हो कि तुम यों खेल-कूद में वक्त गँवाकर पास हो जाओगे? मुझे तो दो ही : तीन साल लगते हैं, तुम उम्र-भर इसी दरजे में पड़े सड़ते रहोगे? अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो बेहतर है, घर चले जाओ और मज़े से गुल्ली-डंडा खेलो। दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बरबाद करते हो?" | |
| **क)** | **किसके अनुसार, अंग्रेजी सीखना आसान नहीं है ?**<br>(i) बड़े भाई साहब के (ii) छोटे भाई के<br>(iii) अध्यापक के (iv) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **ख)** | **गद्यांश के अनुसार किसे अंग्रेज़ी का एक अक्षर नहीं आएगा ?**<br>(i) बड़े भाई साहब को (ii) छोटे भाई (लेखक) को<br>(iii) लेखक के मित्र को (iv) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **ग)** | **अपनी मेहनत के बारे में बड़े भाई साहब ने क्या बताया ?**<br>(i) वे कभी मेले-तमाशे देखने नहीं जाते।<br>(ii) कभी हॉकी या क्रिकेट का मैच नहीं देखते<br>(iii) हमेशा पढ़ते रहते हैं<br>(iv) उपर्युक्त सभी | **1** |
| **घ)** | **गद्यांश में दिए गए 'घोंघा' शब्द का क्या अर्थ है-**<br>(i) बुद्धिमान (ii) मूर्ख<br>(iii) एक समुद्री जीव (iv) परिश्रमी | **1** |
| **ङ)** | **बड़े भाई साहब को किस कारण लगता है कि छोटा भाई दादा की गाढ़ी कमाई बरबाद कर रहा है-**<br>(i) बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण<br>(ii) खाने-पीने में अधिक खर्च करने के कारण<br>(iii) खेल-कूद में समय बरबाद करने के कारण<br>(iv) अध्यापकों का आदर न करने के कारण | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 9**ख) | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए \|** | |
| **क)** | **निम्नलिखित वाक्यों में से कौनसे वाक्य तताँरा के चरित्र को प्रदर्शित करते हैं ?**<br>क) तताँरा एक सुन्दर और शक्तिशाली युवक था \|<br>ख) तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था \|<br>ग) वह अपने गाँव की ही नही, बल्कि समूचे द्वीपवासियों की मदद करता था \|<br>घ) वह अद्भुत दैवीय शक्ति का स्वामी था \|<br>विकल्प<br>i) केवल (i) ii) (i) और (iv)<br>iii) (ii) और (iv) iv) (i), (ii) और (iii) | **1** |
| **ख)** | **'पतझर में टूटी पत्तियाँ' पाठ के दोनों प्रसंग प्रेरणा देते हैं -**<br>क) शिष्ट और सभ्य बनने की<br>ख) आदर्शवादी बनने की<br>ग) जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की<br>घ) व्यवहारवादी बनने की<br>विकल्प<br>i) केवल (i) ii) (i) और (ii)<br>iii) केवल (iii) iv) केवल (iv) | **1** |
| | **खंड - ब ( वर्णात्मक प्रश्न )** | |
| **प्रश्न 10** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए \|** | |
| **क)** | बड़े भाईसाहब को स्वभाव से अध्ययनशील बताने के पीछे लेखक का क्या तात्पर्य है ? | **3** |
| **ख)** | आदर्श और व्यावहारिकता में क्या अंतर है ? शुद्ध आदर्श और व्यावहारिकता की तुलना लेखक ने सोने और ताम्बे से क्यों की है ? | **3** |
| **ग)** | 'व्यथा आदमी को पराजित नही करती, उसे आगे बढ़ने का सन्देश देती है \|' तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेन्द्र पाठ के आधार पर कथन का मूल्यांकन करते हुए अपने विचार लिखिए \| | **3** |
| **प्रश्न11** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए \|** | |
| **क)** | 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्णित प्रकृति में दृश्यों का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए \| | **3** |
| **ख)** | कबीर ने मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता प्रदान होने की बात कही है ? स्पष्ट करें \| | **3** |

| | | |
|---|---|---|
| **ग)** | 'कर चले हम फ़िदा' - कविता में कवि ने किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने के लिए कहा है ? | **3** |
| **प्रश्न 12** | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए \|** | |
| **क)** | हरिहर काका के जीवन के अनुभवों से हमें क्या सीख मिलती है ? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए \| | **3** |
| **ख)** | 'सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को फौजी जवान क्यों समझता था ? | **3** |
| **ग)** | 'टोपी शुक्ला' पाठ में ठाकुर हरिनाम सिंह कौन था ? उसके लड़कों ने टोपी से दोस्ती क्यों नही की ? यह उनकी किस भावना का व्यंजक है ? | **3** |
| **प्रश्न 13** | **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए \|** | **5** |
| **क)** | **ग्लोबल वार्मिंग**<br>**संकेत बिंदु -** * धरती पर बढ़ता तापमान * बदलता मौसम * समस्या के कारण * समाधान | |
| **ख)** | **परीक्षा से पहले मेरी मनोदशा**<br>**संकेत बिंदु -** * परीक्षा नाम से भय * पर्याप्त तैयारी * प्रश्न पत्र देखकर भय दूर हुआ | |
| **ग)** | **संघर्ष की परिणति विजय**<br>**संकेत बिंदु -** * संघर्षशील जीवन * चुनौती और संघर्ष * विजय की ख़ुशी | |
| **प्रश्न 14** | बिजली की अनियमित आपूर्ति की शिकायत करते हुए जयपुर विद्युत बोर्ड के अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए \|<br><br>**अथवा**<br>नगर में कल - कारखानों से प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए \| | **5** |
| **प्रश्न 15** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों में सूचना लिखिए \|** | **4** |
| | आपके विद्यालय में नि: शुल्क 'दन्त चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया जा रहा है \| सूचना पट्ट पर विद्यालय के सचिव की ओर से सूचना तैयार कीजिए \|<br>**अथवा**<br>शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आपको संयोजक बनाया गया है \| कार्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों की सभा के लिए सूचना लिखिए \| | |

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न 16** | **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए \|** | **3** |
| | एक साइकिल कंपनी किशोरों के लिए नया उत्पाद बाज़ार में लाना चाहती है \| उसके लिए विज्ञापन तैयार करें \|<br>**अथवा**<br>देश की जनता को 'मतदान अधिकार' के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार करें \| | |
| **प्रश्न 17** | "छोटी भूल का बड़ा दुष्परिणाम" विषय पर 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए \|<br>**अथवा**<br>आपने यात्रा के दौरान एक उपरगामी पुल को जर्जर हालत में देखा है \| वह पुल कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है \| इस सन्दर्भ में एन सी ई आर टी के व्यापार प्रबंधक को एक ई - मेल लिखिए \| | **5** |

**समाप्त**